Title: Need to suitably amend the Motor Vehicles Act, 1939 so as to increase the loading capacity of road transport vehicles.

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : महोदय, देश में परिवहन यातायात के मुख्यतः दो ही प्रमुख साधन हैं- रेल और सड़क तथा सड़क यातायात में मुख्य भूमिका ट्रक वाहनों द्वारा माल ढोना है। रेल परिवहन की अनिश्चित, अकुशल और असुरक्षित कार्य दक्षता ने अपनी व्यापारिक विश्वसनीयता गवाई है और यही कारण है कि रेलवे द्वारा माल ढुलाई का अंश लगातार कम होता चला गया है। इसके विपरीत सड़क परिवहन ने अपनी विश्वसनीयता को बनाये रखा है। फलतः जहां रेल माल ढुलाई अंश में कमी आयी है वहीं सड़क परिवहन के समक्ष जाने या अनजाने संकट पैदा किये जा रहे हैं। पैट्रोल, डीजल की कीमतें बिना विचार किये गत वर्षों में निरंतर बढ़ायी गयीं, जिनके कारण सड़क यातायात महंगा हो गया है और उसका असर आज फल, सब्जी आदि जैसी वस्तुओं की आसमान चूमती कीमतों पर साफ दिख रहा है। सर्विस टैक्स भी लगाने के लिए सरकार ने इसी क्षेत्र को चुना।

महोदय, ऑल इण्डिया व्हीकल एक्ट स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व का बना है, जब ट्रक की ढुलाई क्षमता मात्र ९ टन हुआ करती थी पर आज ट्रक की क्षमता १५ टन तक है, पर एक्ट आज भी ९ टन माल ढोने की ही इजाजत देता है। क्षमता को भरपूर उयोग न कर पाने के कारण माल ढुलाई स्वतः ही महंगी हो गयी। नेशनल हाईवे एक है, पर उस पर पड़ने वाले राज्यों ने अलग-अलग दर से अलग-अलग कर लगा रखे हैं। जिससे यातायात में विलम्ब तो होता ही है, साथ ही भ्रष्टाचार की भी पूरी गुंजाइश बनी हुई है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि तत्काल उपयुक्त कार्यवाही करें ताकि उपरोक्त सभी कमियों को दूर किया जा सके।

SHRI G.M. BANATWALLA (PONNANI): Sir, for the second week in succession, I am giving notices for raising matter under Rule 377 and I am waiting for a chance. Please consider it at least for tomorrow.

MR. SPEAKER: I have called out the names of all the hon. Members who were listed for today.

SHRI G.M. BANATWALLA : Please consider it for at least tomorrow. For the last two weeks, I am waiting for my turn. Please consider it. It is a very important and a serious issue. Please apply your mind to it.

MR. SPEAKER: You know that the names are balloted.

SHRI G.M. BANATWALLA : I will be thankful if you could apply your mind to it. ... (Interruptions)

MAJOR GENERAL BHUVAN CHANDRA KHANDURI, AVSM (GARHWAL): You are waiting for two weeks; I am waiting for five weeks. ... (Interruptions)

श्री हन्नान मोल्लाह (उलूबेरिया) : आप हर बात पर चिल्लाने लगते हैं। ... (व्यवधान)

MAJOR GENERAL BHUVAN CHANDRA KHANDURI, AVSM : I am not shouting. I am telling the rules of the House. It is improper. How can we start a new procedure? ... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Khanduri, please take your seat.

... (Interruptions)

श्री हन्नान मोल्लाह : क्या कोई भी जब बोलने के लिए उठेगा तो आप बीच में बोलेंगे?

... (व्यवधान)

हर माननीय सदस्य को बोलने का मौका मिलना चाहिए।

... (Interruptions)

MAJOR GENERAL BHUVAN CHANDRA KHANDURI, AVSM : My name is also there. You are a senior Member, but you do not know the procedure.

MR. SPEAKER: Shri Khanduri, please take your seat.